छत्तीसगढ़ में वेतन वृद्धि और महिला सशक्तीकरण योजना लागू

चर्चा में क्यों?

हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक **4,000 रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5,500 रुपए करने** और **'महतारी वंदन' योजना** लागू करने का निर्णय लिया।

मुख्य बिंदु:

- कैबिनेट बैठक में सरकार ने **'महतारी वंदन योजना' (Mahtari Vandan Yojana)** को मंज़ूरी दे दी है। इस योजना के तहत राज्य में **विवाहित महिलाओं को 1,000 रुपए प्रतिमाह (कुल 12,000 रुपए सालाना)** वित्तीय सहायता दी जाएगी, जो प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाएगी।
  - इस योजना का उद्देश्य राज्य में **महिलाओं के बीच लैंगिक भेदभाव, असमानता और जागरूकता की कमी** को समाप्त करना तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार करना है।
  - लाभ उन विवाहित महिलाओं को मिलेगा जो **1 जनवरी, 2024 तक 21 वर्ष या उससे अधिक आयु के साथ छत्तीसगढ़ की मूल निवासी** हैं। विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्त महिलाएँ भी योजना के लिये पात्र हैं।
- तेंदूपत्ता संग्राहकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये एक नई योजना लागू की जाएगी, जिसमें **75% वित्तीय सहायता सरकार द्वारा और शेष 25% छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार और विकास) सहकारी संघ** द्वारा प्रदान की जाएगी।
- मंत्रिमण्डल ने छत्तीसगढ़ राज्य में **भारत (BH) शृंखला वाहन पंजीयन** लागू करने का भी निर्णय लिया है।
  - भारत सरकार द्वारा लागू की गई **BH शृंखला के तहत दोपहिया और चौपहिया वाहनों को एक बार में दो साल** का टैक्स देना होगा।
- **छत्तीसगढ़ वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2024** के प्रारूप का भी अनुमोदन किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-implements-pay-raise-and-women-empowerment-scheme